हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 19 अगस्त 2025

06 नवोदय विद्यालय मामले को लेकर कांग्रेस ने दी प्रशासन को चेतावनी



07 खाद,बिजली और पानी की समस्या को लेकर...





## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्यालयों में लगाए जाएंगे छात्रवृत्ति शिविर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने समय सीमा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के सुलभ प्रदाय हेतु 21 अगस्त दिन गुरुवार से विद्यालयों में छात्रवृत्ति शिविर लगाए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इन छात्रवृत्ति शिविरों की मॉनीटरिंग करेंगे। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों को पूर्व से निर्देशित करें एवं सभी विद्यालय में पात्र-अपात्र विद्यार्थियों की सूची अपडेट करें एवं अपात्र होने वाले विद्यार्थियों का कारण भी स्पष्ट कराएं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों के बैंक खाता एवं ईकेवायसी भी अपडेट कराएं।

### आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए 4 आदतन अपराधियों को 3 से 4 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त परम सिंह पिता वलिराम लोधी उम्र 39 साल निवासी ग्राम गनियारी थाना बंडा जिला सागर को 3 माह, निखिल पिता मनोज बंसल उम्र 20 साल निवासी गयादीन वार्ड थाना मोती नगर जिला सागर को 4 माह, अंशुल उर्फ प्रांशु पिता वीरेंद्र गुप्ता उम्र 26 साल निवासी बताशा वाली गली रामपुरा वार्ड थाना कोतवाली सागर को 4 माह एवं अर्जुन पिता हरप्रसाद अहिरवार उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 5 रजाखेड़ी थाना मकरोनिया जिला सागर को 4 माह की अवधि के लिये सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु इसके पूर्व अनावेदकों को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दण्डाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

### सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 25 अगस्त को युवा संगम

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 25 अगस्त को प्रातः 11 बजे सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में किया जा रहा है।
आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारउपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जायेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदको को साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आई डी. दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

## सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों को संतुष्टि पूर्ण रूप से निराकृत कराएं

# लंबित रहने वाली शिकायतों के विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायतों का निराकरण कराएंः कलेक्टर संदीप जी. आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण रूप से निराकृत कराएं, लंबित रहने वाली शिकायतों के विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायतों का निराकरण कराएं उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय सीमा में एवं संतुष्टि पूर्वक निराकरण करके जिले की ग्रेडिंग में सुधार करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख लगातार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर कार्य करते रहें और यथोचित सीएम हेल्पलाइन लगाने वाले व्यक्ति से व्यक्तिगत संपर्क भी करें जिससे कि उनकी समस्या का संतुष्टि पूर्ण समाधान हो सके। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य करें और जिले वासियों की सभी समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक दिन सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक समय दें और शिकायतकर्ता से चर्चा करें जिससे कि सभी शिकायतों का निराकरण समय सीमा में हो सके। उन्होंने सभी एसडीएम राजस्व को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के दैनिक रूप से निगरानी करें, सभी एसडीएम पटवारियों की मीटिंग करें।



### जनपद रहली सीईओ सहित पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर बंडा, रहली, केसली, मालथौन, जैसीनगर, शाहगढ़, देवरी की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी जुर्माना आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बंडा के ग्राम पंचायत साजी सचिव रामकुमार चौबे, ग्राम पंचायत कुल्ल सचिव हंसराम दुबे, ग्राम पंचायत कोठिया सचिव खुशबू सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत गनयारी सचिव हरिदास अहिरवार, ग्राम पंचायत फतेहपुर सचिव वीरसिंह लोधी, जनपद पंचायत देवरी के ग्राम पंचायत रायखेड़ा सचिव दीपक खटीक, जनपद पंचायत रहली के मुख्यकार्यपालन अधिकारी रामगुलाम अहिरवार, जनपद पंचायत रहली के ग्राम पंचायत रतनपुरा सचिव सलामत खान, ग्राम पंचायत हिनौती सचिव राकेश अहिरवार, ग्राम पंचायत रजवांस सचिव लालसिंह लोधी, ग्राम पंचायत संजरा सचिव हरगोविन्द यादव, ग्राम पंचायत किशनगढ़ सचिव बलबंत सिंह लोधी, जनपद केसली के ग्राम पंचायत बेडार पिपरिया सचिव यशवंत सिंह, ग्राम पंचायत पठाखुर्द सचिव देवेन्द्र सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत पटनाखुर्द सचिव प्रीतम सिंह कुर्मी, ग्राम पंचायत तेन्दूडावर सचिव रमाकांत पचौरी, ग्राम पंचायत तुलसीपार सचिव निरंजन खरे, ग्राम पंचायत सिंगपुर सतगुंवा सचिव रूपसिंह राजपूत,जनपद मालथौन के ग्राम पंचायत खटौरा सचिव रामचरन राय, ग्राम पंचायत ललोई सचिव विजय सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत सागौनी सचिव अखलेश जैन, जनपद जैसीनगर के ग्राम पंचायत डुंगरिया सचिव सुरेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत बांसा सचिव संतोष ठाकुर, जनपद शाहगढ़ के ग्राम पंचायत सादमपुर सचिव रविन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत नारपोह सचिव लखनलाल यादव, ग्राम पंचायत बटउवाहा सचिव बालकिशन विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत उजनेठी सचिव रामस्वरूप अहिरवार, ग्राम पंचायत रुरावन सचिव माधव लोधी, ग्राम पंचायत मुडारी बुजुर्ग सचिव अजय सिंह लोधी, ग्राम पंचायत भीकमपुर सचिव पवन जैन पर कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया।



## एनसीसी कैडेट कपिल यादव बना देश की शान, सेना का उत्कृष्ट सम्मान मिला

**सागर।** शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर के एनसीसी कैडेट कपिल यादव को उनकी उपलब्धियों पर सेना के उत्कृष्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन पदक प्रदान किया गया है। 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर की गई घोषणा में सागर जिले के सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट कपिल यादव का नाम शामिल होना पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान उन्हें 15 अगस्त 2025 को सागर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा और 11 म.प्र. बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल प्रताप रंजन मोहंती द्वारा प्रदान किया गया। 11 म.प्र. बटालियन एनसीसी के कैडेट और आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज सागर के छात्र कपिल यादव पूरे भारत में यह पदक पाने वाले एकमात्र एनसीसी कैडेट हैं। उनकी इस अद्वितीय उपलब्धि के पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत और अनुशासित प्रशिक्षण है। उन्होंने एनसीसी के अंतर्गत कई राष्ट्रीय और साहसिक अभियानों में भाग लिया। कैडेट कपिल यादव की उपलब्धियां न केवल 11 म.प्र. बटालियन बल्कि पूरे एनसीसी संगठन के लिए प्रेरणादायक हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सफलता पर उन्होंने अपने माता-पिता, अपने ए एन ओ लेफ्टिनेंट डॉ जयनारायण यादव, महाविद्यालय परिवार और 11 म.प्र. बटालियन का आभार व्यक्त किया तथा यह संकल्प दोहराया कि वे भारत की सेवा करते रहेंगे और भविष्य में एक सच्चे सिपाही के रूप में देश का गौरव बढ़ाएंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता एवं महाविद्यालय परिवार स्टाफ ने बधाई शुभकामनाएं दी।



## श्री कृष्ण जन्माष्टमी का हुआ भव्य आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के मुख्य सराफा बाजार स्थित श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हवन पूजन के साथ साथ महाआरती,कीर्तन व भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। ठीक 12 बजे रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में महा प्रसाद का भगवान श्री देव द्वारकाधीश को भोग लगाया गया। आयोजन में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भी शामिल हुए जहां मंदिर चरण सेवकों के लोगों द्वारा भार्गव का सम्मान किया गया। नंन्ने मुन्ने श्री कृष्ण कि छवि के बच्चों के साथ मटकी फोड़ी। देर रात चले इस आयोजन में भजन गायकों व कलाकारों के द्वारा भगवान के भजनो ने नगर को वृंदावन बना दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी भी आयोजन में शामिल हुए और फूलों में बस रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी का भजन सुनाया। श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर के चरण सेवको द्वारा किए गए। इस आयोजन में मंदिर परिसर में मंदिर यजमानो महाअभिषेक मंदिर पुजारी पंकज प्यासी के सानिध्य में हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मंदिर चरण सेवक सदस्य व स्वाजातीय लोग व भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मकरोनिया स्टेशन पर सभी ट्रेनों के स्टॉपेज व सुविधाएं दिलाने रेल मंत्री से अनुरोध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध किया है कि मकरोनिया रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों के स्टॉपेज स्वीकृत किये जावें तथा यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाये। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को प्रेषित पत्र में पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मध्य प्रदेश के सागर जिले में मकरोनिया सागर का उपनगर पूर्ण विकसित हो चुका है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित मकरोनिया नगर पालिका की आबादी लगभग 5 लाख है।

मकरोनिया में डी श्रेणी का रेलवे स्टेशन है। जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री आवागमन करते हैं। यह स्टेशन सागर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित बंडा, बडामलहरा क्षेत्र को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव है। मकरोनिया रेलवे स्टेशन का रेवन्यू कलेक्शन भी ज्यादा है। उक्त रेलवे स्टेशन सैन्य छावनी ढाना और प्रस्तावित नवीन मालगोदाम के नजदीक तथा फोरलाइन सुविधा से जुड़ा हुआ है। बावजूद इसके मकरोनिया स्टेशन को अब तक सी श्रेणी में शामिल नहीं किया गया। अधिक आबादी वाला उपनगरीय क्षेत्र होने के कारण मकरोनिया रेलवे स्टेशन को सागर का सब स्टेशन होना चाहिए। पत्र में भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मकरोनिया स्टेशन पर हाबड़ा-इंदौर क्षिप्रा सुपरफास्ट, जबलपुर-निजामुद्दीन गोंड़वाना एक्सप्रेस, जबलपुर-निजामुद्दीन, सम्पर्क क्रांति, जयपुर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस, गोरखपुर-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस दरभंगा-अहमदाबाद जनसाधारण एक्सप्रेस (साप्ताहिक) जैसी ट्रेनों के स्टापेज नहीं है और न ही यहां यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं हैं। वर्तमान में स्टेशन पर केवल सीमित सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मकरोनिया स्टेशन पर अधिकांश फास्ट ट्रेनों के स्टापेज नहीं होने से इस क्षेत्र के नागरिकों को 7 किलोमीटर दूर सागर स्टेशन जाना पड़ता है। जहां आटो रिक्शा से पहुंचने के लिए 2-3 सौ रूपए तक वित्तीय भार पड़ता है। देर रात्रि सागर स्टेशन पर रूकने वाली ट्रेनों से यात्रा करने के लिए मकरोनिया क्षेत्र वासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

भूपेन्द्र सिंह ने रेल मंत्री से अनुरोध किया है कि मकरोनिया रेलवे स्टेशन पर हाबड़ा-इंदौर क्षिप्रा सुपरफास्ट,जबलपुर-निजामुद्दीन गोंड़वाना एक्सप्रेस,जबलपुर-निजामुद्दीन, सम्पर्क क्रांति,जयपुर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस, गोरखपुर-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस दरभंगा-अहमदाबाद जन साधारण एक्सप्रेस (साप्ताहिक) स्टापेज स्वीकृत करने सहित स्टेशन पर आवश्यक सुविधायें दिलाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देने की कृपा करें।



## खेल परिसर सागर के ताईक्वांडो खिलाड़ियों का हुआ राज्य स्तर पर चयन

**सागर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग सारीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 18 अगस्त को ग्रेटमेन स्कूल मकरोनिया में किया गया था, जिसमें खेल परिसर सागर के ताईक्वाडो खिलाड़ी बालिका वर्ग में मायशा खान, रितिशा रजक, यशवी, जूही ठाकुर आरची राजपूत, अवनी रजक. सरीता शिवानी, नंदनी पटेल, राधिका ठाकुर, पलक पटेल इसी प्रकार बालक वर्ग में मोक्ष लोधी, शिवांश दुबे, प्रथमेश संतसंगी गोविंद पटेल, यशवर्धन सिंह राजावत, स्वास्तिक, ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए। ये सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय ताईक्वांडो खेल प्रतियोगिता 08 से 12 सितम्बर में अपनी सहभागिता देंगे। ये सभी खिलाड़ी खेल परिसर सागर के ताईक्वांडी खेल प्रशिक्षण केन्द्र में नियमित रूप से कुरीमा ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे है। इनकी इस उपलब्धि पर कलेक्टर संदीप जी.आर एवं पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हां, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप अबिदा, एड वीनू राणा, एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक प्रेमनेती राय, सीमा चक्रवर्ती, संगीता सिंह मंगल सिंह यादव, श्यामलाल पाल. उमेश चन्द्र मोर्य ने शुभकामनाएं दी।

## सेवादल परिवार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर किया स्मरण



**सागर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा उनका साहस, अटूट संकल्प और देशभक्ति का जज़्बा हमेशा हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा' उनका यह नारा आज भी हर भारतीय के दिल में स्वतंत्रता और समर्पण की लौ प्रज्वलित करता है। शहर सेवादल अध्यक्ष के साथ ओमप्रकाश पंडा, लल्ला यादव, अंकुर यादव, अरविंद राजपूत, परख शुक्ला, विक्की यादव, गोलू सेन अनु घोषी, लकी पंडा, राहुल ताम्रकार, संदेश सोनी, आकाश नामदेव, लखन पटेल, आकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

## शनिवार को सभी विकासखंडों में लगाएं समस्या निवारण शिविरः कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समय सीमा बैठक में अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय सेवकों की समस्याओं के कार्यालय स्तर पर निराकरण करने हेतु शनिवार को जिले के सभी विकासखंडों में समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा है कि सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कार्यालय स्तर पर ही किया जा सके। ऐसे सभी प्रकरण जिनका कार्यालय स्तर पर निराकरण किया जा सकता है उनका यथाशीघ्र निराकरण किया जाए, प्रयास यह होना चाहिए कि शासकीय सेवकों के सभी प्रकरणों को यथोचित रूप से निराकृत किया जाए। उन्होंने कहा की समस्या निवारण शिविर में मुख्यतः न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में चर्चा करें एवं उनका निराकरण करें।





## भगवान लव कुश शौर्य, साहस, शक्ति और भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैंः अविराज सिंह

**सागर।** भगवान श्रीकृष्ण ने युवाओं को संदेश दिया है कि वे शिक्षित बने और सभी की रक्षा करें। श्रीमद्भागवत गीता का सार है कर्म, धर्म, धैर्य और तपस्या। यह उद्गार भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह ने मालथौन और खुरई में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं विशाल शोभा यात्रा उपरांत आयोजित सभा में व्यक्त किये। मालथौन में श्री जानकीरमण बड़ा मंदिर तथा खुरई में जेल रोड़ स्थित लवकुश मंदिर परिसर में जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुए। उन्होंने कहा कि माता जानकी के संवेदनशीलता और त्याग का ही परिणाम है कि भगवान लवकुश शक्ति, साहस, शौर्य और आदर्श पुत्र का प्रतीक बनें।अपने संबोधन में भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण विष्णु जी के आठवें अवतार है और एक ऐसे अवतार जिनकी विश्व में हर जगह पूजा होती है। विश्व के हर देश में भगवान श्री कृष्ण की पूजा होती है। आज हम भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी मना रहे हैं। उन्होंने वेंकटेश्वर स्त्रोत का गुणगान करते हुये कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते है कि इस विश्व का सबसे बड़ा धर्म सत्य है। हम अपने कर्म, अपने अंदर धैर्य को स्थापित करें, पराक्रम को स्थापित करें, तपस्या करें यह श्रीमद्भागवत गीता का सार है। भगवान श्री कृष्ण कहते है कि हमें अपने मित्रों का सारथी बनना चाहिए लोगों की तरह स्वार्थी नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा है कि हमें कभी अपने अंदर अहंकार नहीं करना क्योंकि भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत का युद्ध बिना शस्त्र उठाए ही पांडवों को विजय प्राप्त करा दी थी। भगवान श्रीकृष्ण से युवाओं को सीखना चाहिए कि हमें शिक्षित बनना होगा। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं शिक्षित हुये। उन्होंने उज्जैन में शिक्षा प्राप्त की तब जाकर श्रीकृष्ण अर्जुन का भय दूर कर पाये थे और अर्जुन का मार्ग प्रशस्त कर पाये। भगवान श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि युवाओं का सबसे बड़ा कर्तव्य है, सभी की रक्षा करना। उन्होंने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज के सामुदायिक भवन के एक एकड़ भूमि जिसका मूल्य 10 करोड़ रूपये है समाज के लिये समर्पित की है।

## छह दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग के 'आनंद उत्सव' का समापन

# सुदर्शन क्रिया से जीवन में आती है नई ऊर्जा और शांतिः मलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 12 से 17 अगस्त तक आनंद उत्सव का व्यंजन प्रतियोगिता के साथ समापन हो गया। सागर चेप्टर द्वारा मैजेस्टिक प्लाजा में आयोजित इस छह दिवसीय शिविर में 80 प्रतिभागियों ने अनूठे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में भाग लेकर जीवन में तनावमुक्ति और आत्मविकास का अनुभव प्राप्त किया। शिविर का मुख्य आकर्षण विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया थी। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने बताया कि कार्यक्रम का आरंभ प्रतिदिन प्रातःकालीन सत्रों से हुआ, जिसमें योग, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास ने प्रतिभागियों को नई ऊर्जा और मानसिक शांति प्रदान की। प्रतिभागियों को जीवन जीने की कला पर सरल और सहज तरीके से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग एक सेवा संगठन है और 190 देशों में काम कर रहा है।प्रतिभागी राजेश सिंघई ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह छह दिन उनके जीवन के लिए अविस्मरणीय रहे। पत्रकार मनीष जैन ने कहा कि यहां आने के बाद उन्हें तनाव से मुक्ति मिली। वैजयंती कुशवाहा ने बताया कि उन्हें पहली बार जीवन में नई ऊर्जा और प्रेरणा महसूस हुई। एड. अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि अब वह प्रतिदिन ध्यान और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। सारांश जैन ने भी अपना अनुभव साझा किया कि इस साधना से उन्हें मानसिक शांति, बेहतर नींद और आत्मविश्वास की अनुभूति हुई है।



आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर के मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी ने कहा कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का संकल्प है कि हर व्यक्ति के जीवन में मुस्कान आए। उनका संदेश है कि आध्यात्मिकता केवल ध्यान या साधना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की पूर्ण कला है।

प्रशिक्षक संकल्प मलैया ने कहा कि जब परिवार और समाज का प्रत्येक व्यक्ति तनावमुक्त होगा, तभी सच्चे अर्थों में सुख और समृद्धि का वातावरण बनेगा।

इस अवसर पर प्रशिक्षक राजकुमारी यादव, प्रवीन धुरिया, राजेश जैन, सचिन ज्योतिषी, कार्यकर्ता डॉ. मोना केशरवानी, विनय तिवारी, सुरेश पिंजवानी, रूचि साहू, अनुश्री सेन, स्वाति केशरवानी आदि उपस्थित थे।

प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह व किरण अहिरवार ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

# नवोदय विद्यालय मामले को लेकर कांग्रेस ने दी प्रशासन को चेतावनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के कुण्डेश्वर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा आस्था अहिरवार की मौत ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया है। छात्रा का शव विद्यालय परिसर के हॉस्टल की सीढ़ियों की रेलिंग से लटका हुआ मिला था। घटना का समय दोपहर करीब 3 से 4:30 बजे के बीच का बताया जा रहा है। मामला संदिग्ध परिस्थितियों में घटित हुआ है और इसे लेकर परिजनों में गहरा आक्रोश है। इस मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। जिसमें कांग्रेस ने कहा है कि उक्त मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए और मृतक छात्रा के परिजनों की शंकाओ को दूर किया जाए। उक्त मामले में जिला प्रशासन द्वारा उदासीनता बरतने पर कांग्रेस पार्टी इस मामले को लेकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

## पिता ने हत्या की आशंका व्यक्त कर मामले को दबाने का लगाया आरोप

मृतक छात्रा आस्था अहिरवार जतारा विधानसभा के ग्राम टोरिया की निवासी थी। पढ़ाई और खेलकूद में अव्वल मानी जाने वाली छात्रा आस्था की मौत ने न केवल परिवार को बल्कि पूरे समाज को झकझोर दिया है। परिवार का कहना है कि आस्था आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकती। पिता कृष्ण कुमार अहिरवार ने साफ आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया गया है और विद्यालय प्रबंधन पूरे मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। पिता कृष्ण कुमार के द्वारा कहा गया है कि उनका बेटा भी नवोदय में कक्षा 12वीं का छात्र है लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा बेटे पर भी कुछ न बोलने का दबाब डाला जा रहा है। जिससे विद्यालय प्रबंधन संदेह के घेरे में दिखाई दे रहा है।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह ने दी प्रशासन को चेतावनी

इस मामले ने राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह गौर अम्मू राजा ने बताया कि बो अभी जिले से बाहर हैं लेकिन नवोद्य का उक्त ह्रदय विदारक मामले का पता चलते ही उन्होंने पुलिस प्रशासन से उक्त मामले में निष्पक्ष तौर पर उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए पीड़ति परिवार की शंकाओ को दूर करने की मांग की है। प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उक्त मामले में प्रशासन ने उदासीनता बरती तो फिर पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़को पर उतरकर बिरोध प्रदर्शन करेगी।

### मौत मामले में नवोदय प्रबंधन की लापरवाही जिम्मेदार: किरण

बही दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की ओर से किरण अहिरवार ने इस घटना को गंभीर लापरवाही बताते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को आवेदन सौंपा है। आवेदन में स्पष्ट कहा गया है कि घटना की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय एक आवासीय केंद्रीय संस्था है, जहां छात्र-छात्राएं चौबीसों घंटे विद्यालय प्रशासन और हॉस्टल प्रबंधन की देखरेख में रहते हैं। इसके बावजूद परिसर के अंदर छात्रा का शव फंदे पर लटका मिलना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल देता है। उन्होंने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि विद्यालय प्रशासन ने नवोदय विद्यालय समिति के गाइडलाइंस का पालन नहीं किया। यदि समय पर सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया की व्यवस्था लागू होती, तो संभवत यह दर्दनाक घटना टल सकती थी।

### परिवार व संगठनों ने नवोदय विद्यालय को बताया असुरक्षित

इस घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश है। अभिभावकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जब एक आवासीय विद्यालय में बच्चे ही सुरक्षित नहीं हैं, तो यह पूरे शिक्षा तंत्र पर सवाल है। परिवार का सीधा आरोप है कि आस्था की हत्या हुई है और प्रबंधन मामले को आत्महत्या का रूप देकर दबाना चाहता है। विद्यालय प्रशासन की गंभीर लापरवाही इस पूरे प्रकरण में साफ झलक रही है। गाइडलाइन के अनुसार प्राचार्य, हॉस्टल वार्डन और केयरटेकर की जिम्मेदारी है कि वे छात्रों की सुरक्षा और निगरानी सुनिश्चित करें। लेकिन इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर उस दिन छात्रा के आसपास क्या हो रहा था, हॉस्टल निगरानी क्यों नाकाम रही, और घटना के तुरंत बाद विद्यालय प्रशासन ने कैसी कार्रवाई की। अब सबकी निगाहें प्रशासन पर टिक गई हैं।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की सफलता हो प्राथमिकता: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने शासन की विशेष पहल धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान को लेकर प्राथमिकता से निर्देशित करते हुए सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओ, टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करके अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान में चयनित जिले के 62 गांवों को आदि कर्मयोगी अभियान द्वारा लाभान्वित किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी और जन-नेतृत्व वाले शासन मॉडल का निर्माण करना है, जिससे बेहतर सेवा वितरण और विकास हो सके। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से एक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चयनित करें। जो शासन द्वारा ट्रेनिंग प्राप्त कर ब्लॉक स्तर पर अन्य कर्मचारियों को ट्रेनिंग देगा। सभी संबंधित विभाग प्राथमिकता से इस अभियान में सहभागिता करें।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने गौशाला में गायों को पहुंचाने के लिए निर्देशित करते हुये कहा कि जिन गौशालाओं से गायों को बाहर निकाल देने की शिकायत प्राप्त हुई है, उन पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सीएम राइस स्कूलों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की एवं शीघ्र कार्य पूर्ण कर शिक्षा विभाग को भवन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने नगरीय निकायों के सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि पीएमएवाय 1.0 के सभी निर्माण पूर्ण करायें एवं पीएमएवाय 2.0 में डीपीआर तैयार कर शासन को भेजें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करें एवं ऐसे पात्र हितग्राही जो सभी पात्रता रखते हो और केवल भूमिहीन हैं, उन्हें धारणाधिकार के द्वारा जमीन आवंटित कराकर योजना का लाभ दिलायें।

# उत्कृष्ट कार्य कर जिले में प्रथम आने का बड़ागांव थाना प्रभारी को मिला इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण और गुम हुए बालक-बालिकाओं का पता लगाकर उन्हें सकुशल परिजनों को सौपने के मामले में भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में बड़ागांव थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह वर्मा ने जिलेभर के थानो को पीछे छोड़ते हुए उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। बड़ागांव थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का 100 प्रतिशत निराकरण कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तत्परता से निराकरण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया गया। और यह कार्य प्राथमिकता से एबं शीघ्रता से किया गया। इसके अलावा बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमशुदा हुए नाबालिग बालको, बालिकाओं को सुरक्षित ढूंढ निकालने में भी बड़ागांव थाना पूरे जिले में अव्वल रहा। गुमशुदा हुए नाबालिकों को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुश्क़ान के तहत ढूंढ़कर उन्हें उनके परिजनों को सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि एसपी मनोहर सिंह मण्डलोई के निर्देशन में गुम नाबालिगों का पता लगाने के लिये जिले में ऑपरेशन मुश्क़ान संचालित किया जा रहा है।

वार्ड 18 में ठेकेदार को नोटिस, प्राक्कलन मानकों के अनुरूप काम करने के निर्देश

# सीएमओ ने की घटिया निर्माण की जांच तो अन्य वार्डों से भी उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार नपा के मुख्य नपा अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने शहर के वार्ड क्रमांक 18 में कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत चल रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने पाया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिस पर उन्होंने तत्काल मौके पर ही खराब सीसी निर्माण कार्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य रोक दिया।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं, ठेकेदार को नोटिस

सीएमओ भदौरिया ने मौके पर ही संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया। उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि आगे भी निर्माण कार्य में लापरवाही या मानकों का उल्लंघन किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सीसी सड़क की खुदाई करके गुणवत्ता देखी गई। जो मानको के अनुरूप नहीं पाई गई। इस पर नपा सीएमओ भदौरिया ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सीएमओ भदौरिया ने कहा कि नगर पालिका के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी निर्माण कार्य निर्धारित प्राक्कलन और तकनीकी मानकों के अनुसार ही पूरे किए जाएंगे। और अगर इसमें कोई लापरवाही करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी।

### कार्रवाई को देख शहर के अन्य वार्डों से भी उठी आवाज

नपा सीएमओ द्वारा बार्ड क्रमांक 18 में की गई कार्यवाही को देख शहर के अन्य वार्डों से भी गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के बिरुद्ध आबाज उठनी प्रारंभ हो चुकी है। वार्ड क्रमांक 14 निवासी युवक सन्नी सोनी ने नपा सीएमओ भदौरिया से मांग करते हुए कहा कि एक नजर मेरे वार्ड नंबर 14 पर भी डाली जाए। जहाँ सड़क निर्माण में अति गुणवत्ताहीन कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि रात को 12 बजे सड़क डाल दी गई और जब सुबह वार्डवासियो ने उठकर देखा तो गुणवत्ताहीन सड़क बनी हुई दिखाई दी। तब शिकायत भी की गई पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो-तीन महीना से ठेकेदार यश अग्रवाल से कार्य को सुधारने के लिए बोला जा रहा है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

### वार्ड 5 में सीएम हेल्पलाइन शिकायत बाद भी कार्यवाही नहीं

वार्ड क्रमांक 5 के निवासी राजू दाँगी ने नपा सीएमओ भदौरिया से मांग करते हुए कहा कि इससे भी ज्यादा घटीया कार्य तो वार्ड क्रमांक 05 हवेली रोड पर किया गया है जिसकी सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज कराई गई है जिसमें गंभीर रूप नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है क्योंकि बिना जांच किए और बिना कोई नाप तौल किये 181 शिकायत का नगर पालिका परिषद के द्वारा दो बार निराकरण कर दिया गया।

# तानाशाही अब नहीं, ऐलान कर बनाया संघ, अभिषेक बने प्रथम प्रदेशाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से भोपाल में एकत्रित हुए पार्षदों ने रविवार को राजधानी भोपाल के एक निजी होटल में संवैधानिक अधिकार रक्षा सम्मेलन का आयोजन किया। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश पार्षद संघ का गठन किया गया और संगठन के पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। जिसमें नवगठित संघ का प्रथम प्रदेशाध्यक्ष टीकमगढ़ नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष पार्षद अभिषेक खरे को बनाया गया है।

### प्रदेश पार्षद संघ के पदाधिकारियों का चयन

प्रदेश स्तरीय नवगठित पार्षद संघ में प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक खरे टीकमगढ़, प्रदेश महामंत्री संदीप जैन देवरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन सूर्यवंशी छिंदवाड़ा को बनाया गया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक खरे ने बताया कि भोपाल में मध्य प्रदेश पार्षद संघ की बैठक हुई जिसमें मध्य प्रदेश के कई जिलों से पार्षद शामिल हुए।

### निर्णय का विरोध

सम्मेलन में पार्षदों ने सरकार द्वारा प्रदेश की नपा, नप, ननि अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की समय-सीमा को 3 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष 6 माह करने के निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय का पार्षद संघ ने कड़ा विरोध किया है। पार्षदों ने कहा कि यह कदम लोकतंत्र विरोधी है और इसके गंभीर परिणाम होंगे, अध्यक्ष तानाशाही रवैया अपनाएंगे, पार्षदों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित होंगे, विकास कार्यों में बाधा पहुंचेगी।

पीड़ित परिवारों को तत्काल दी राहत, शासन से भी दिलाई आर्थिक मदद

# जन्माष्टमी के दिन तालाब में डूबे तीन मासूमों के परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जन्माष्टमी के दिन खुशी का माहौल तब गमगीन हो गया, जब पलेरा थाना अंतर्गत खजरी चौकी क्षेत्र के ग्राम जवाहरपुरा में तीन मासूमों की पानी में डूबकर मौत हो गई। हनुमान मंदिर के पास बनी तालैया में खेलते-खेलते मासूम बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबकर उनकी जान चली गई। यह हृदयविदारक घटना 16 अगस्त को हुई, जिसने पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया। इस दुखद हादसे की खबर मिलते ही 17 अगस्त को जतारा विधायक हरीशंकर खटीक पीड़ित परिवारों से मिलने मौके पर पहुँचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उनके साथ मनरेगा उपयंत्री कालीचरण राजपूत, पुलिस विभाग के कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों की पहचान शरद यादव उम्र 10 वर्ष, विवेक यादव उम्र 10 वर्ष एबं संस्कार यादव उम्र 10 वर्ष के रूप में हुई थी। तीन परिवारों के चिराग खोने से क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया।

### विधायक ने दी तात्कालिक और सरकारी सहायता

क्षेत्रीय विधायक हरीशंकर खटीक ने प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर पीड़ित परिवारों को तुरंत राहत राशि दिलाई। प्रत्येक परिजन को तात्कालिक राहत स्वरूप 25 हजार -25 हजार की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा, आरसीबी 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। विधायक हरिशंकर ने कहा कि इस कठिन समय में सरकार और जनप्रतिनिधि पीड़ति परिवारों के साथ खड़े हैं और उन्हें हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। घटना के बाद से ग्रामीण बड़ी संख्या में शोक संतप्त परिवारों के पास पहुँचकर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं। विधायक खटीक ने कहा कि ऐसी घटनाएं बेहद दुखदायी हैं, और पीड़ित परिवारों का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि तालाब और अन्य जल स्रोतों पर सुरक्षा की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

परिवार ने लगाया हत्या का आरोप, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

# छात्रा की संदिग्ध मौत पर अजाक्स संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले के कुण्डेश्वर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11 की छात्रा आस्था अहिरवार की रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई मौत पर अजाक्स संगठन ने जिला अध्यक्ष डॉ. बेनी प्रसाद अहिरवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन दिया। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गहन जाँच की माँग की है। जिला अध्यक्ष डॉ. बीपी अहिरवार ने कहा कि इस घटना की जाँच केवल सामान्य पुलिस स्तर पर न होकर उच्च स्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष हो। विद्यालय प्राचार्य, छात्रावास अधीक्षक और देखरेख कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर उन पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही हो। छात्रा के शरीर पर पाए गए निशानों, मृत्यु का समय और अन्य परिस्थितियों की चिकित्सकीय जाँच पूरी पारदर्शिता के साथ हो। छात्रावास और विद्यालय की निगरानी व्यवस्थाओं, ड्यूटी रजिस्टर और उपस्थिति अभिलेखों की गहन जांच हो। विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रणाली और शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जाए। अजाक्स जिला अध्यक्ष डॉ. बीपी अहिरवार ने कहा पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेज दिया, लेकिन परिजनों के आने तक कमरे की जांच अथवा अन्य आवश्यक कदम नहीं उठाए गए।

स्वतंत्रता दिवस से प्रारंभ किए नवाचार की जिले भर में हो रही चर्चा

# रेंजर जतारा की अनूठी पहल: वन सुरक्षा व सौहार्द की राह में 'सामूहिक भोजन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के जतारा रेंज के रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक ऐसा नवाचार शुरू किया है, जिसकी चर्चा अब जिलेभर में हो रही है। इस पहल के तहत हर रविवार जतारा रेंज के सभी कैंपसों जतारा, लिधौरा, पलेरा, लार और पिपरट में वन समिति सदस्यों, स्थानीय ग्रामीणों और संपूर्ण वन अमले के साथ सामूहिक भोजन आयोजित किया जाएगा। इस प्रयास का उद्देश्य ग्रामीणों और वन विभाग के बीच विश्वास और सहयोग की गहरी नींव रखना है।




### नवाचार पहल की शुरुआत लार कैंपस से

इस अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को लार कैंपस से हुई। यहां वन समिति के सदस्य, ग्रामीण और वन स्टाफ एकत्र हुए। सभी ने मिलकर स्वयं के हाथों से भोजन तैयार किया और बिना किसी भेदभाव के एक-दूसरे को परोसते हुए स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारी एक ही पंक्ति में बैठे, जिससे यह संदेश गया कि वन विभाग में हेरारकी और असमानता को खत्म कर सहयोग और साझेदारी का वातावरण बनाया जा रहा है।

### प्रकृति की गोद में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की पहल

कार्यक्रम के दौरान रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने ग्रामीणों से खुलकर संवाद किया। उन्होंने वनों की सुरक्षा, वनोपज से ग्रामीणों को होने वाले लाभ, आजीविका संवर्धन और वन अपराधों की रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की। रेंजर ने कर्मचारियों की समस्याओं और उनके सुझाव भी सुने। प्राकृतिक वातावरण में आयोजित यह कार्यक्रम सौहार्द और अपनत्व का एक अनूठा उदाहरण बन गया।

### भावनात्मक जुड़ाव व पारिवारिक वातावरण से होगा भरोसा मजबूत

वन विभाग अक्सर ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा करता है, लेकिन जतारा रेंज ने यह दिखा दिया कि ग्रामीणों को साथ लेकर चलना सिर्फ आदेशों से संभव नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक वातावरण से ही भरोसा मजबूत होता है। सामूहिक भोजन जैसी पहल ग्रामीणों को वन संरक्षण और वर्धनिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी।

### दूर होगी दूरी, बढ़ेगा विश्वास

वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि यह पहल विभाग और ग्रामीणों के बीच वर्षों से बनी दूरी को मिटाने में मदद करेगी। जब ग्रामीण और अधिकारी एक साथ बैठकर भोजन करेंगे, तो सहयोग की भावना और भी प्रगाढ़ होगी। इससे न केवल वन अपराधों की रोकथाम होगी, बल्कि शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना भी आसान हो जाएगा।

## किसानों के आक्रोश से दो घंटे तक जाम रहा श्योपुर कोटा हाईवे

# खाद,बिजली और पानी की समस्या को लेकर किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोमवार को खाद बिजली पानी की समस्या को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कोटा श्योपुर हाईवे पर जाम लगा दिया। 2 घंटे तक चले इस प्रदर्शन के चलते इस हाइवे से यात्री बसें और दूसरे वाहनों का आना-जाना भी बंद रहा जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी, बाद में मौके पर पहुंचे अफसरों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद किसान जाम खोलने को राजी हुए।

किसान नेता राधेश्याम मूंडला द्वारा दी गई कोल के अनुसार किसान ढोटी के पास एकत्रित होने लगे बाद में किसानों ने रोड पर पत्थर व झाड़ झंखाड़ रख कर जाम लगा दिया। सुबह 10:30 बजे से शुरू हुआ जाम दोपहर 12:30 बजे तक चला इस दौरान यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों को किसानों की ओर से एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें क्षतिग्रस्त चंबल दाहिनी नहर की तत्काल मरम्मत कराने, खरीफ की फसल हेतु पानी की आपूर्ति शुरू कराने, ध्वस्त विद्युत व्यवस्था सुधारने तथा यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग प्राथमिकता से शामिल की गई थी। किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने बताया कि 8 जुलाई से ढोटी और बगवाड़ा के मध्य चंबल दाहिनी नहर क्षतिग्रस्त है। इस कारण किसानों को धान की फसल के लिए आवश्यक सिंचाई पानी नहीं मिल पा रहा और पूरी फसल नष्ट होने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग को पहले ही रिसाव की जानकारी दी गई थी, लेकिन लापरवाही के चलते नहर टूट गई। उन्होंने बताया कि जिले की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है, फीडर लगातार ओवरलोड हो रहे हैं जिससे किसानों को कृषि पंपों पर पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही। साथ ही यूरिया खाद की भारी कमी और कालाबाजारी से गरीब व मध्यमवर्गीय किसान उचित दर पर खाद खरीदने से वंचित हैं। प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम के दौरान चंबल नहर की तत्काल मरम्मत कर खरीफ की मुख्य फसल धान बचाने हेतु नहर में पानी छोड़े जाने, बिजली आपूर्ति नियमित करने और खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग उठाई। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर चंबल नहर की तत्काल मरम्मत शुरू करने एवं प्रशासन द्वारा समस्याओं का समाधान करने के आश्वासन के बाद चक्का जाम हटाया गया और प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिकारी, देहात थाना प्रभारी शशि तोमर सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का ठोस समाधान नहीं हुआ तो किसान वर्ग फिर से बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।



### नहर फूटने से रुकी 35 गांव की टेस्टिंग

ढोटी के पास जो चंबल नहर फूटी है उसके कारण 35 गांव के लिए निकाली गई चंबल सुषम नहर परियोजना की टेस्टिंग भी अटक गई है। ज्ञात हो कि किसानों ने इस परियोजना में भारी भ्रष्टाचार होने और किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचने की शिकायत करते हुए कई बार आंदोलन किए थे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इस मामले में नहर की टेस्टिंग किसानों के सामने करने के निर्देश दिए थे जिसके लिए ही समय से पहले चंबल नहर राजस्थान सरकार से अनुरोध कर खुलवाई गई थी लेकिन चंबल नहर परियोजना में पानी जाता इससे पहले ही ढोटी के पास मुख्य नहर फूट गई जिस जगह से नहर फूटी वह पहले से ही क्षतिग्रस्त थी और जल संसाधन विभाग उसके मेंटीनेंस के टेंडर भी लगा चुका था ऐसी स्थिति में कोटा से मुख्य नहर खुलवाने का औचित्य क्या था जब विभाग को पता था कि नहर क्षतिग्रस्त है जिसकी वजह

### चक्का जाम करने पर 25 लोगों पर केस दर्ज

ढोटी के पास चक्का जाम करने के मामले में देहात थाना पुलिस ने 25 लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि इस मामले मे राधेश्याम मीणा, मुकेश मीणा, महावीर प्रजापति,राहुल मीणा, राम मुकेश, कैलाश मीणा, देवकी मीणा, गिर्राज मीणा, लोकेश गुर्जर, सतवीर मीना, लकी मीना बुद्धि प्रकाश, लवकुश मीणा मांगीलाल, राजेंद्र सुमन तथा 10 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## जल निकासी सही नहीं होने से जगह जगह भर जाता है पानी

# मामूली बारिश में ही बस स्टैंड लबालब, यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के एकीकृत बस स्टैंड में हालांकि सीसी रोड बना हुआ है लेकिन लेबल में नहीं होने के कारण जगह गड्ढे बने हुए हैं जिनमें भर रहा पानी यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मामूली सी बारिश में ही बस स्टैंड की सूरत तालाब जैसी दिखाई पड़ने लग जाती है। यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों को इस पानी में अपने जूते चप्पल गीले करते हुए बस में चढ़ना पड़ रहा है।

एक दशक पहले करीब एक करोड रुपए लागत से एकीकृत बस स्टैंड के भीतर मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत सीसी रोड निर्माण हुआ था। जब निर्माण किया जा रहा था तब भी लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे लेकिन न तो नगर पालिका परिषद ने न हीं अफसरों ने इस बात पर ध्यान दिया। नतीजा यह हुआ कि रोड जगह से टूट फूटकर बेकार हो गया बस स्टैंड से पीछे की और बनाए गए बायपास से बसे इसलिए ही नहीं जाती है कि रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं इधर बस स्टैंड के मुख्य द्वार पर हमेशा तलाब जैसा पानी भरा रहता है और यात्री बसें भी उसी स्थान पर खड़ी होती हैं। जिनकी वजह से यात्रियों को बसों तक पहुंचाने के लिए अपने जूते चप्पल गंदे पानी में गीले करने पड़ते हैं कई बार तो तेज गति से निकलते हुए वाहन बस के इंतजार में खड़े यात्रियों को बुरी तरह भिगो देती है। यात्रियों की मांग है कि या तो बस स्टैंड में सीसी रोड दोबारा किया जाए या फिर जिस स्थान पर पानी भरा रहता है वहां नाली खोदकर पानी निकासी की जाए ताकि यात्रियों को यात्रा करने से पूर्व गंदे पानी की समस्या से छुटकारा मिल सके।

# धूमधाम से मनेगा विजयादशमी उत्सव, प्रदीप ठाकुर बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयादशमी उत्सव समिति श्योपुर की एक बैठक बीते रोज बड़ौदा रोड स्थित श्री कमला सती मंदिर पर आयोजित हुई। जिसमें विगत वर्ष के आय व्यय एवं नवीन कार्यकारिणी के चुनाव कराए गए इस दौरान पूर्व पार्षद प्रदीप ठाकुर कपा को विजयादशमी उत्सव समिति का नया अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया और आगामी विजयदशमी उत्सव पर्व को बहुत ही धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाए जाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। इस अवसर पर बैठक में प्रमुख रूप से कैलाश नारायण गुप्ता, दौलतराम गुप्ता, ब्रजराज सिंह चौहान, दिनेश खंडेलवाल, त्रिलोक तोषनीवाल सुरेश जैन एडवोकेट, चेतन खंडेलवाल, गिर्राज सर्राफ, आदित्य चौहान, हरनारायण शर्मा, विनोद शर्मा कैलाश गर्ग, सुमित सिंघल, महेश राठौर, दिनेश जैन, चित्रेश जैन, मनोज शर्मा, पंकज सिंघल, शम्भू दयाल प्रजापति, महेश सिंहल, योगेश गर्ग, शिव मारवाड़ी, रामावतार शर्मा, दीपक सिंहल, राजकुमार शर्मा, मदन गर्ग, योगेश मित्तल, रोशन मित्तल, विक्की मित्तल, अश्विनी शर्मा सहित समिति सदस्य उपस्तिथ रहे।

## हर संस्था के लिए उसके कर्मचारी रीढ की हड्डी:रेनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगरपालिका अध्यक्ष रेनू-सुजीत गर्ग एवं सीएमओ राधेरमण यादव द्वारा नगरपालिका श्योपुर में अपने अपने पदो पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकरियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें। इस मौके पर नपाध्यक्ष रेनू-सुजीत गर्ग ने कहा कि हर संस्थान के लिए उसके कर्मचारी रीढ़ की हड्डी की तरह होते है जिस तरह किसी गाड़ी को चलाने के लिए पहिए की जरूरत होती है उसी प्रकार किसी संस्था को आगे बढ़ाने के लिए कर्मचारियों का गतिशील रहना जरूरी है। सीएमओ यादव ने कहा कि सम्मानित सभी कर्मचारियों को बधाई, पूरी टीम भविष्य में भी इसी लगन और निष्ठा से कार्य करती रहेंगी और अन्य कर्मचारियों को इन सम्मानित कर्मचारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## अतीक अहमद बने रंगरेज समाज श्योपुर के जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अतीक अहमद एड रंगरेज समाज के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनका निर्वाचन रविवार को इस्लामपुरा बस्ती मदरसा में आयोजित हुई बैठक में हुआ। इस दौरान आयोजित हुई बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने और शिक्षा स्तर ऊंचा उठाने जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। मुस्लिम समाज वीरपुर के अध्यक्ष मुमताज खान में बताया कि रंगरेज समाज को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत बनाने के उद्देश्य से तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। इस क्रम में मुरैना जिले की सभी तहसीलों और श्योपुर जिले की वीरपुर, विजयपुर तहसीलों में बैठक आयोजित हो चुकी है रविवार को जिला मुख्यालय स्थित रंगरेज समाज की मस्जिद से जुड़े मदरसा में बैठक आयोजित की गई, जिसमें अतीक अहमद एडवोकेट को श्योपुर जिले का अध्यक्ष सर्व सम्मति से निर्वाचित किया गया। इस बैठक में सबलगढ़ के सदर हबीब खान ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि अभी तहसील स्तर पर बैठक आयोजित की जाकर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है जब संगठन मजबूत बन जाएगा समाज एक प्लेटफार्म पर आ जाएगा तो फिर सामूहिक रूप से निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्योपुर के साथ राजस्थान के सीमावर्ती जिलों को भी बैठक में शामिल किया गया है दोनों राज्यों की महापंचायत मुरैना में आयोजित की जाएगी एक जिला स्तरीय पंचायत जिला मुख्यालय श्योपुर में भी आयोजित करेंगे।

# व्यापार महासंघ की साधारण सभा में व्यापार उन्नयन पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




जिला व्यापार महासंघ श्योपुर की वार्षिक साधारण सभा बीती रात को रामद्वारा मैरिज गार्डन में आयोजित हुई। जिसमें व्यापारियों से नीतिगत सुझाव आमंत्रित किए गए इस दौरान स्थानीय व्यापार के उन्नयन कैसे किया जाए इस पर भी परिचर्चा की गई।

जिला व्यापार महासंघ की वार्षिक साधारण सभा की शुरुआत महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, सभा में संयुक्त सचिव भास्कर टकसाली ने वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया। कोषाध्यक्ष राम अवतार गर्ग द्वारा वर्ष 2024-25 का अंकेक्षण आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही, आगामी वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट भी बैठक में रखा गया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। सभा के दौरान व्यापारियों ने विभिन्न विषयों पर अपने-अपने विचार व सुझाव रखे, जिनमें व्यापारिक समस्याओं, नीतिगत सुझावों और स्थानीय व्यापार के उन्नयन को लेकर उपयोगी चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त सचिव विजय जैन ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष कुंजबिहारी सर्राफ, महासंघ उपाध्यक्ष सत्यनारायण मित्तल, राजीव गुप्ता, विनोद गोयल, एड. गजेन्द्र जैन, चौथमल सर्राफ, बाबूलाल विजयवर्गीय, दीनदयाल गर्ग, रामअवतार शर्मा, प्रकाश विजयवर्गीय, हरिओम गर्ग, अतुल काष्ट्या, रामसिंह प्रजापति, लवलेश दुबे, हरिओम सोनी, पंकज सिंहल, ऋतुराज अग्रवाल आदि कई व्यापारी मौजूद थे।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियां के बीच मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढोढर थाना क्षेत्र के गांव वनखरा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नव विवाहिता अनीषा 20 वर्ष पत्नी अमर उर्फ रामकिशोर आदिवासी रविवार की रात को रोज की भांति खाना खाने के बाद सो गई। रात में 3-4 बजे उसे पेट में दर्द हुआ तो परिजनों ने उसे अस्पताल ले जाने के बाद उसकी झांडफूक करा दी। दर्द कम होने पर नवविवाहिता सहित उसके परिजन दोबारा से सो गए,लेकिन सबेरा होने पर नव विवाहिता उठी नहीं। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ढोढर श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि फिलहाल मौत के कारणों के बारे में बताना संभव नहीं है।मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों का पता किया जा रहा है।

### एसडीएम गढवाल रिलीव, अब बीएस श्रीवास्तव होगे कराहल के नए एसडीएम

श्योपुर। डिप्टी कलेक्टर बीएस श्रीवास्तव अब कराहल के नए एसडीएम होगे। क्योंकि कराहल में बतौर एसडीएम पदस्थ मनोज गढवाल का अलीराजपुर जिले में स्थानांतरण हो गया है। स्थानांतरण आदेश के पालन में सोमवार को एसडीएम मनोज गढवाल को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अलीराजपुर जिले के लिए रिलीव कर दिया है। साथही खाली हुए कराहल एसडीएम की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर बीएस श्रीवास्तव को सौंप दी है।

## विगत दिन बस्तीवासियों द्वारा किया गया था विरोध प्रदर्शन

# नपा डालेगी शिवपुरी रोड पर ओपन पाइप लाइन, दूर होगी पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विगत दिनों पार्वती जलावर्धन योजना के ठेकेदार द्वारा पाईप लाईन डालने के लिए शिवपुरी रोड पर जेसीबी से खुदाई की थी जिससे नगर पालिका की भूमिगत पाइपलाइन और नल कनेक्शन तहस-नहस हो गए थे इसको लेकर वार्ड वासियों ने पार्षद राजेंद्र मित्तल के साथ नगर पालिका पहुंचकर प्रदर्शन किया था। नगर पालिका ने अब समस्या के स्थाई निराकरण के लिए अब उक्त स्थान पर ओपन पाइपलाइन डाले जाने का निर्णय लिया है।

नपा के उप यंत्री पवन गर्ग ने बताया कि विगत दिनों पार्वती जलावर्धन योजना के ठेकेदार द्वारा तोड़ी गई पाइपलाइन की वजह से बड़ी संख्या में नल कनेक्शन विच्छेद हो गए थे वार्ड वासियों ने पार्षद के साथ पहुंचकर इसकी शिकायत की थी सीएमओ आरआर यादव ने स्थल निरीक्षण कर ठेकेदार को व्यवस्था बनाए रखते हुए काम करने के निर्देश दिए थे। नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तत्काल ओपन पाइपलाइन डाले जाने के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को पेयजल जैसी समस्या का सामना न करना पड़े। इस क्रम में शिवपुरी रोड पर गर्ल्स स्कूल के पास से बिजली घर के सामने तक ओपन पाइपलाइन डाली जा रही है ताकि लोग नए नल कनेक्शन लेने के लिए परेशान न हो। जल्द ही नई पाइल लाइन को बिछाए जाने के बाद उससे सभी नल कनेक्शन जोड़कर पेयजल आपूर्ति शुरू कर देंगे।

## टोडी गणेश मंदिर से रवाना हुई बाइक यात्रा का शहर में किया जगह जगह स्वागत

# जयकारों के साथ रवाना हुई बाबा महाकाल की ध्वज बाइक यात्रा, २१ को चढ़ेगा झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के लिए दूसरी बार शिव की नगरी श्योपुर से एक ध्वज बाइक यात्रा सोमवार को बाबा महाकाल के जयकारो के साथ रवाना हुई। इस बाइक यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बाइक यात्री 21 अगस्त को उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन करेगे और विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढाकर इस यात्रा का समापन करेगे।

संत श्री परमदास त्यागी महाराज (श्री बालक दास महाराज मोती कुई) वालो के सानिध्य में आयोजित इस द्वितीय बाइक यात्रा का शुभारंभ सोमवार को शहर के टोडी गणेश मंदिर पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस मौके पर यहां विधायक बाबू जंडेल,पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिंह सिसोदिया, वरिष्ट नेता मूलचंद रावत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी सुजीत गर्ग, रामलखन नापाखेडली, पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल सहित बडी संख्या में राजनेतागण और समाजसेवी लोग इस बाइक यात्रा को विदा करने के लिए पहुंचे। यहां से ध्वज के साथ बाइक यात्रा बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए रवाना हुई। गाजेबाजे के साथ बाइक यात्री शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरे तो उनका जगह जगह स्वागत किया गया। रथनुमा वाहन में सजाई गई बाबा महाकाल की झांकी भी इस बाइक यात्रा के साथ चल रही है। पांडोला, बडौदा, मांगरोल, बारां, बफावर होते हुए शाम को यह ध्वज बाइक यात्रा राजस्थान के खानपुर पहुंची। जहां यात्रियो ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण करने के साथही रात्रि विश्राम भी किया।



### 20 को पहुंचेगी उज्जैन, 21 को चढ़ेगा झंडा

महाकाल यात्रा समिति के मुताबिक 19 अगस्त को खानपुर से रवाना होने वाली बाइक यात्रा का दूसरा रात्रि विश्राम पिपलिया के बालाजी मंदिर पर रहेगा। 20 अगस्त को बाइक यात्रा सुबह 9 बजे से पिपलिया के बालाजी से रवाना होगी। जो शाम को उज्जैन पहुंच जाएगी। सभी बाइक यात्री श्री पंच रामानन्दीय निर्मोही अनी अखाडा मंगलनाथ रोड संदीपनी आश्रम के पास उज्जैन में भोजन और रात्रि विश्राम करेगे। इसके बाद 21 अगस्त को श्री निर्मोही अखाड़ा से सभी यात्री यहां से पैदल ही बाबा महाकाल के मंदिर के लिए रवाना होंगे और फिर बाबा महाकाल के मंदिर पर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढाकर यात्रा का समापन करेगे।



### यात्री झंडा चढ़ाकर बाबा से मांगेंगे जिले की खुशहाली

ध्वज बाइक यात्रा में शामिल सभी यात्री 21 अगस्त को विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढाकार न सिर्फ अपनी यात्रा का समापन करेगे, बल्कि श्योपुर जिले को खुशहाल बनाने और जिले में होने वाली अकाल मौतो को रोकने के लिए भी प्रार्थना करेगे।

## सिविल हॉस्पिटल भवन के स्थान चयन को लेकर प्रदर्शन 24 को

श्योपुर। विजयपुर में बनने वाले सिविल अस्पताल भवन के स्थल चयन को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है एक और जहां शहर वासी इस भवन को विजयपुर मुख्यालय पर ही रखना चाहते हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग इसे शहर से बाहर बायपास रोड पर आवंटित भूमि पर ही बनवाने पर पड़े हुए हैं इस मामले में 24 अगस्त को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने धरना प्रदर्शन की कॉल दी है।

सिविल हॉस्पिटल निर्माण संघर्ष समिति विजयपुर द्वारा दी गई कॉल के अनुसार 24 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे विजयपुर मुख्यालय पर एकत्रित होकर विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन करने की कॉल दी गई है, इस संबंध में गांव गांव पहुंचकर पर्चे भी बांटे जा रहे हैं। इस काल के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है ग्रामीणों को समझाइए इस देने का काम कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने शुरू कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को आयोजित अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं समय सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं समय सीमा के पत्रों का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की अधिक शिकायतें लंबित हैं। उनके अधिकारी शिकायतकर्ता से सीधे दूरभाष पर चर्चा करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निराकरण योग्य न होने पर भी शिकायतकर्ता को उसका कारण समझाया जाए ताकि शासन की कार्यप्रणाली पर विश्वास बना रहे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, संयुक्त कलेक्टरए डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों की समीक्षा भी की गई तथा खाद्यान्न वितरण, सीमांकन एवं खाद आपूर्ति संबंधी कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे और सभी शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक समय पर हो। शासन का उद्देश्य है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र एवं प्रभावी ढंग से किया जाए।

### अधिकारियों को खाद वितरण का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने जिले में किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे खाद वितरण की पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी डबल लॉक गोदामोंए सहकारी समितियोंए मार्केटिंग सोसायटी, एमपी एग्रो तथा निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि किसानों को निर्धारित मात्रा में खाद समय पर उपलब्ध हो। निरीक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी से अवगत कराएं ताकि आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत बिल जमा काउंटर प्रारंभ

**शिवपुरी।** उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा शिवपुरी शहर के कस्टम गेट पर विद्युत बिल जमा करने के लिए नया काउंटर प्रारंभ किया गया है। महाप्रबंधक मप्रमक्षेविवि कंपनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस काउंटर के माध्यम से उपभोक्ता बिना किसी परेशानी के अपना विद्युत बिल आसानी से जमा कर सकेंगे। यह काउंटर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित रहेगा। कंपनी द्वारा यह कदम उपभोक्ताओं को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया है।

### अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं सदस्य के लिए 28 प्रत्याशी रहे मैदान में

# सिंधी पंचायत चुनाव में 689 मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सिधी पंचायत कार्यकारणी 2025 के चुनाव सोमवार को सिंधी धर्मशाला में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। समाज के पुरूष वर्ग ने चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशी मैदान में रहे जिनका सीधा मुकाबला रहा। 15 सदस्य के लिए 28 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मुकेश रोहरा, अनिल धामेजा एवं मूलचंद लेखवानी चुनाव प्रभारी के रूप में मौजूद रहे।

चुनाव प्रभारी मुकेश रोहरा ने बताया कि सिंधी पंचायत कार्यकारिणी 2025 के लिए सोमवार को चुनाव संपन्न हुए। सुबह 8 बजे चुनाव शुरू हुए। सुबह ही बड़ी संख्या में समाज के पुरूष मतदाता मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मत का उपयोग किया। चुनाव शाम 5 बजे तक चले। उन्होंने बताया कि करीब 800 मतदाताओं में से 689 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। मतदान के बाद शाम 5 बजे से 6 तक के विश्राम के बाद बैलेट पेपर की मतगणना शुरू की गई, जो जारी है।

अध्यक्ष पद के लिए रही सीधी टक्कर- अध्यक्ष पद के लिए केवल 2 प्रत्याशी दिलीप मेठवानी एवं संतोष बाधवानी चुनाव मैदान रहे। जिनके बीच सीधी टक्कर रही।








इसके अलावा 15 सदस्यों के लिए 28 प्रत्याशी ने अपना भाग्य आजमाया। सदस्यों में अमित कुमार बाधवानी, अंकुर कुमार चोटवानी, अशोक कुमार सुंदरानी, चंदू बाधवानी, दिलीप कुमार सुंदरानी, घनश्याम खुशलानी (गन्नू), हरेश बाधवानी, जितेंद्र मोटवानी, कैलाश नीलम, लायकराम सुंदरानी, माधव धामेचा, महेश कुमार सुंदरानी, मनोज बजाज, मनोज कुमार बाधवानी, पवन लालवानी, प्रकाश हरिराम बजाज, प्रकाश दुवानी, राजकुमार सुंदरानी, सदोरामल सचदेव, संजय कुमार नागवानी, संजय कुमार बाधवानी, शंभु कुमार चोटवानी, सुशील सुंदरानी, विजय कुमार सुंदरानी, विनोद कुमार सुंदरानी, विनोद कुमार बाधवानी, विनोद तलरेजा एवं विशाल मेघवानी सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में रहे।

### भूपेंद्र सिंह बने जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



**बीना।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान के तहत मध्य प्रदेश कांग्रेस में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव केसी वेणुगोपाल के द्वारा की गई। सागर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सिंह मोहासा को बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर के निवास से सर्वोदय चौराहा पहुंचे और खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटी और जमकर आतिशबाजी की। ढोल के साथ कार्यकर्ताओं ने जमकर नृत्य किया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौराहा पहुंचे और वहां पर माल्यार्पण कर भूपेंद्र सिंह मुहासा एवं महेश जाटव को बधाइयां प्रेषित की। साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी बेणु गोपाल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, इंदर सिंह ठाकुर, विक्रांत गोलंदाज, नरेंद्र सिंह ठाकुर, एडवोकेट राजा राम अहिरवार, शशि मोहन तिवारी, सुरेश तिवारी नाही, आशीष चौबे, ओमप्रकाश पासु, बलराम अहिरवार, अशोक साहू चिपके, विवेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# बैंक की मदद से आईटीबीपी जवान के परिवारजनों को मिली आर्थिक मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिला मुख्यालय पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई गुरुद्वारा शाखा एक आईटीबीपी जवान की असमय मृत्यु पर सैलरी पैकेज के क्लेम को जल्द मंजूर कर उन्हें आर्थिक मदद प्रदान की। इस मदद के तहत 15 दिन में ही आईटीबीपी जवान की मृत्यु के पश्चात क्लेम सेटल किया गया और उनके परिवार को 10 लाख रुपए का क्लेम मंजूर कर इसका चेक प्रदान किया गया। इस चेक को प्रदान करते वक्त एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक ज्योति रंजन, मुख्य प्रबंधक आशीष दुबे, सहायक प्रबंधक परमाल सिंह, मुख्य प्रबंधक अविनाश यादव, संजय वर्मा सहित बैंक अधिकारी मौजूद रहे। भारतीय स्टेट बैंक गुरुद्वारा चौक शाखा के मुख्य प्रबंधक अविनाश यादव ने बताया कि शिवपुरी आईटीबीपी केंद्र में पदस्थ जवान जनवेद सिंह जाटव का बीते दिनों निधन हो गया था। जवान की सैलरी पैकेज के अंतर्गत 10 लाख रुपए का क्लेम 15 दिन में मंजूर किया गया। बैंक ने इस क्लेम की राशि का 10 लाख रुपए का चेक सोमवार को उनके परिवारजनों को दिया गया। यह बीमा राशि आईटीबीपी जवानों के लिए सैलरी पैकेज के तहत दी गई।

### शासकीय संस्थानों में राष्ट्रगान के साथ दी गई तिरंगे को सलामी

# ग्राम पंचायत करही में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




जिले के नरवर जनपद पंचायत की करही पंचायत में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। पंचायत के सरपंच मोहित भार्गव ने पंचायत भवन पर तिरंगा फहरा कर, ग्रामबासियो को स्वतंत्रता दिवस की बधाई प्रेषित की,साथ ही ग्राम सभा को बैठक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के बच्चे, बुजुर्ग और सभी वार्डों के लोगों ने भागीदारी की। स्वतंत्रता दिवस पर हर साल यह परंपरा निभाई जाती है। सभी वार्ड मेंबर और स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इस वर्ष भी ग्राम के निवासियों ने उत्साह से कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सरपंच भार्गव ने कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए उन्हें भारत की आजादी की कहानी सुनाई! उन्होंने बताया राष्ट्रीय स्वतंत्रता हमारा अधिकार है लेकिन इसके लिए भी हमारे कुछ कर्तव्य है हमारे पूर्वजों ने तमाम कुर्बानियां देकर इस स्वतंत्रता को प्राप्त किया है और हम सबको अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्माण करते हुए इस स्वतंत्रता की रक्षा करना चाहिए जिससे की हमारे गांव के साथ साथ राष्ट भी विकाश के मार्ग पर आगे की ओर अग्रसर रहे,उन्होंने कहा हम सब लोगों को हर वर्ष इस राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम शामिल होकर अपनी राष्ट्रीय भावना मजबूत करनी चाहिए। तिरंगा फहराने के दौरान बच्चों में देशभक्ति की भावना नजर आई। वक्ताओं ने तिरंगे को राष्ट्रीय पहचान बताते हुए इसकी रक्षा का संकल्प लिया।




### उप स्वास्थ्य केंद्र एवं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में भी फहराया तिरंगा

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर करही उफ़ स्वास्थ्य केंद्र,एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी, उपस्थित लोगों बच्चो की प्रशांश करते हुए उनको नगद पुरस्कार भी दिया। वहीं बच्चों को संबोधित करते हुए सरपंच मोहित भार्गव ने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया और कहा कि उनके त्याग के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। भार्गव ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सदैव याद रखें और उनका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है और यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। इस मौके पर सरपंच पंडित मोहित भार्गव ,सचिव राकेश शर्मा ,पटवारी देवीसिंह, सभी पंचगण,उपस्वास्थ्य केंद्र अधिकारी, शिक्षकगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं रानू शर्मा ,छोटू श्रीवास्तव , महावीर पांडे, गौरव दुबे, कल्ली गौड, ज्ञानसिंह केवट, लखन परिहार, मनोज रावत, प्रवेश रावत, वासुदेव रावत, बृजेश गुप्ता, मोनू दुबे, रमाकांत भार्गव, ओमप्रकाश रावत, माताचरण झा,विजय गौड, धर्मदास चौधरी, माताचरण सोनी, योगेश पटेल, लखन परिहार, एवं अन्य सभी वरिष्ठ ग्रामीण जन मौजूद रहे ग्राम पंचायत भवन, उपस्वास्थ्य केंद्र, पुलिस सहायता केंद्र, पीएम श्री विद्यालय करही, सभी स्थानों पर क्रमशः ध्वजारोहण किया गया है।

### आदिवासी सशक्तिकरण के लिए आदि कर्मयोगी अभियान एक सार्थक पहल

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन संबंधी जिला स्तरीय ओरिएंटेशन आयोजित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैनए अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय बाहुल्य गांवों के सर्वांगीण विकास और आदिवासी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर अधोसंरचना और आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं ताकि कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से अछूता न रहे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आदिवासी परिवारों का जीवनस्तर बेहतर हो और उन्हें विकास की सभी योजनाओं का लाभ समय पर मिले।

# स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र नहीं रखने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




15 अगस्त पर डॉ भीमराव अंबेडकर एवं देश के स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र को नहीं रखने के विरोध में जनजाति, आजाद समाज पार्टी, ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर तिराहे पर प्रदर्शन कर सभी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, कलेक्टर सागर के नाम एसडीएम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व पर भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर एवं देश के अमर स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र को शासकीय कुछ स्कूल एवं ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण के समय नहीं रखने वालों से महापुरुषों का अपमान हुआ है। जिनके खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई की जाए एवं राष्ट्रीय पर्व पर सभी महापुरुषों के छायाचित्र को अनिवार्य रूप से रखने के आदेश जारी किए जाए। एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर सभी सामाजिक संगठनों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान एससी-एसटी राष्ट्रीय परिसंघ प्रदेश सचिव, अहिरवार समाज संघ संभागीय उपाध्यक्ष दशरथ अहिरवार, युवा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राजोरिया, भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ शिशुपाल अहिरवार, ओबीसी महासभा जवाहर सिंह लोधी, अरविंद पटेल, मोहन अहिरवार, अशोक अहिरवार, सचिन अहिरवार, हेमराज अहिरवार, सुदर्शन अहिरवार, कन्हैयालाल, भारत अहिरवार, मनोज अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# शहर के राम शर्मा ने रायपुर में लगाई प्रदर्शनी क्रांतिकारियों के दुर्लभ दस्तावेज देख की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अथक पथ संग्रहालय की प्रदर्शनी रायपुर के अवनी एजुकेशन सोसाइटी बिरला ओपन माइंडस स्कूल के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जरा याद करो कुर्बानी के तहत 2 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अथक पथ संग्रहालय के संचालक राम शर्मा द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, खादी ग्रामोद्योग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राकेश पांडे, डायरेक्टर अभिलाषा भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। समिति के अनीश भट्ट, अभिलाषा भट्ट एवं विद्यालय परिवार ने अतिथियों सहित राम शर्मा का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।



राजधानी के मध्य स्थित प्रसिद्ध जोरा मॉल में शहीदों क्रांतिकारियों के समाचार पत्र एवं दुर्लभ दस्तावेज तथा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी हुई वस्तुओं को प्रदर्शनी में रखा गया। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार इतनी समृद्ध प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें लोगों को क्रांतिकारी के दुर्लभ दस्तावेज देखने को मिले और छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारियों को भी इस अवसर पर नमन करने का अवसर प्राप्त हुआ। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में स्वतंत्रता के समय के ओरिजिनल न्यूज़ पेपर एवं उनसे जुड़े दस्तावेज देखने को मिले।

### सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीकृष्ण स्वरूप सज्जा समारोह आयोजित

# कालिया नाग मर्दन की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्रीकृष्ण स्वरूप सज्जा समारोह एवं श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की सुंदर-सुंदर एवं आकर्षक झाकियां लगाई गईं। जिसमें कालिया नाग मर्दन की झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। भैया बहनों के गीत, भजन और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भैया बहनों ने श्रीकृष्ण का रूप धारण कार्यक्रम में शामिल हुए।

विद्यालय के पूर्व छात्र रौनक पाठक ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 48 हासिल कर शहर का नाम रोशन करने पर विद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे, जिला सचिव महेश अग्रवाल, संरक्षक सदस्य मुरारी गोस्वामी, पूर्व प्राचार्य वीके श्रीवास्तव, पूर्व व्यवस्थापक अंकित जैन, रौनक पाठक, अरविंद जैन एवं प्रेरणा नारी संगठन से डॉ नेहा जैन, किरण ठाकुर और समस्त महिला मंडल व राकेश नामदेव उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ौतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।



### उप संचालक बीडी भूमरकर ने निरीक्षण नगर पालिका में की बैठक

# पौधरोपण में लोग व जनप्रतिनिधि भागीदारी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर उप संचालक बीडी भूमरकर ने नगर पालिका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर में स्वच्छता व्यवस्था की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। विशेष रूप से रैमकी कंपनी को भुगतान न होने के कारण उत्पन्न स्वच्छता संकट की जानकारी लेते हुए उन्होंने वास्तविक हालात को समझा और त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए।

भूमरकर ने सुझाव दिया कि स्वच्छता से संबंधित सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जाए तथा इन्हें स्थानीय एनजीओ की सहायता से संचालित किया जाए, जिससे स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। साथ ही, नगर पालिका की राजस्व आय में वृद्धि के लिए प्रॉपर्टी टैक्स और कमर्शियल बिल्डिंग्स पर कमर्शियल टैक्स लगाने जैसे उपायों को अमल में लाने के निर्देश भी दिए।



उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अटेंडेंस सिस्टम लगाया जाए, जिससे कार्य की निगरानी और जवाबदेही बेहतर हो सके। नगर वन योजना के अंतर्गत चल रहे वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने इसमें आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, इस माह अधिकतम गृह प्रवेश सुनिश्चित करने की दिशा में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली गई। भूमरकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों के आवेदनों की संवेदनशीलता से जांच कर उन्हें योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। बैठक में नगर पालिका के विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उप संचालक ने सभी से अपेक्षा की कि वे नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें तथा शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें।